# SSC PUBLIC EXAMINATION – 2025-2026
## GRAND TEST HINDI MODEL PAPER ( Second Language)

Class: **X** **(Max.Marks: 100)** **Time : 3.15 Mnts.**

**Name of the Student:……………………………… Roll No. :…...**

**भाग-I**

**I. अर्थग्राह्यता-प्रतिक्रियाः-**

**1) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में देश को एकता के सूत्र में बांधने के लिए एक भाषा की आवश्यकता हुई। यह काम हिंदी से ही साध्य हो सका। आज हमें एक से अधिक भाषाएँ सीखना जरूरी है। जिनमें हिंदी और अंग्रेजी का स्थान महत्वपूर्ण है। हिंदी से हम सारे भारत की पहचान अच्छी तरह से कर सकते हैं। भारत के अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती है हमें भारत के सभी प्रांतों से जुड़ने के लिए एक भाषा की आवश्यकता होती है जिसे सारे भारत के वासी जानते हैं।

**प्रश्न :**

**अ) देश को एकता के सूत्र में बांधने के लिए किसकी आवश्यकता हुई ?** 2M

**आ) आज हमें क्या सीखना जरूरी है ? ( ) 1M**

A) एक भाषा B) अंग्रेजी C) तमिल D) अधिक भाषाएँ

**इ) भारत की पहचान किस भाषा से अच्छी तरह कर सकते हैं ? ( )IM**

A) हिंदी से B) अंग्रेजी से C) तेलुगु से D) मराठी से

**ई) हिंदी के साथ किस भाषा का महत्वपूर्ण स्थान है ? ( )IM**

A) तेलुगु B) पंजाबी C) तमिल D) अंग्रेजी

**2) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

दादुर टर-टर करते झिल्ली बजती झन-झन
'म्याव-म्याव' रे मोर 'पीउ' 'पीउ' चातक के गण।
उड़ते सोनवालक, आर्द-सुख से कर क्रंदन,
घुमड़-घुमड़ गिर मेघ गगन में भरते गर्जन ।।

**प्रश्न :**

**अ. चातक गण क्या करते हैं ? 2M**

**आ. दादुर की आवाज़ कैसी होती है ? ( ) 1M**

A) म्याव-म्याव B) पीउ-पीउ C) टर-टर D) झन-झन

**इ) मेघ कहाँ गर्जन करते हैं ? ( ) 1M**

A) वर्षा में B) गगन में C) सागर में D) तालाब में

**ई) झन-झन करके क्या बजती है ? ( ) 1M**

A) दादुर B) चातक C) झिल्ली D) मोर

**3) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

पुराने स्कूल में उसके बहुत सारे मित्र थे और सभी अध्यापक भी उसे पसंद किया करते थे। वह सब से खुशी-खुशी मिलता और मुस्कुराकर 'हैलो' कहता। जब भी कोई कठिनाई में होता तो राजू सबसे पहले उसकी मदद के लिए पहुँच जाता। उसके पुराने स्कूल में कभी किसी ने उसकी कमज़ोरी की ओर भी ध्यान नहीं दिया-उसकी टांगें बहुत पतली और दुर्बल थीं।

**प्रश्न :**

**अ) किसकी टांगे बहुत पतली और दुर्बल थी?** 2M

**आ) राजू सभी मित्रों से कैसे मिलता था?** [ ]1M

A) उदासी से B) क्रोध से C) खुशी-खुशी से D) ईर्ष्या से

**इ) जब कोई कठिनाई में होता तो राजू क्या करता था?** [ ] 1M

A) अवहेलना करना B) हँसना C) चिल्लाना D) मदद करना

**ई) राजू के बहुत सारे मित्र किस स्कूल में थे?** [ ]1M

A) पुराने B) नए C) शहर के D) विदेश के

**4) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

गर्मी के दिन थे। एक प्यासा भालू पानी के लिए मिज़ोराम के जंगल में बहुत देर से भटक रहा था। एक पेड़ पर बैठा एक बंदर उसे बहुत दूर से देख रहा था। भालू के नजदीक आने पर बंदर ने पूछा "भालू मौसा आज इधर से कहाँ जा रहे हो?" भालू ने जवाब दिया "क्या बताऊँ? गर्मी से प्राण सूखे जा रहे हैं। कहीं भी पानी नहीं मिला।"

**प्रश्न :**

**अ) गर्मी के मारे किसके प्राण सूखे जा रहे थे ?** **2 M**

**आ) प्यासा भालू किस जंगल में भटक रहा था ?** **[ ] 1M**

A) आंध्रा B) सिक्किम C) मिज़ोराम D) केरल

**इ) पेड़ पर कौन बैठा था ?** **[ ] 1M**

A) कौआ B) कोयल C) चीता D) बंदर

**ई) बंदर ने किसे मौसा कहा ?** **[ ] 1M**

A) बिल्ली को B) शेर को C) चीता को D) भालू को

**5. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए ।5M**

काली छटाएँ छा गयी नभ पर
छम-छम बूँदे गिरी पृथ्वी पर
तृण-तृण पुलकित खेतों पर
नव जीवन छा गया पेड़ों पर
वर्षा ही प्राणि मात्र का जीवन रे राजा ।

**प्रश्न :**

**अ) नभ पर क्या छा गयी हैं ?** **2M**

**आ) पृथ्वी पर क्या गिरी हैं ?** **( ) 1M**

A) बूँदें B) ओस C) शबनम D) चिंगारी

**इ) खेतों पर क्या पुलकित हो गये हैं ?** **( ) 1 M**

A) मन B) तृण-तृण C) दिल D) जन

**ई) पेड़ों पर क्या छा गयी हैं ?** **( ) 1 M**

A) हरियाली B) पीलापन C) नवजीवन D) लाली

**6. निम्न लिखित लेखक परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए। 5X1=5M**

काका कालेलकर का पूरा नाम दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर है। उनका जन्म सन् 1885 में और मृत्य सन् 1991 में हुई। इन्होंने आजीवन गांधीवादी विचारधारा का पालन किया। इन्होंने हिंदुस्तानी प्रचार सभा, वर्धा के माध्यम से हिंदी की खूब सेवा की। वे राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं।

**प्रश्न :**

अ) काका कालेलकर का पूरा नाम…………….. है।

आ) काका कालेलकर का जन्म……………….में हुआ ।

इ) काका कालेलकर ने आजीवन……………. विचारधारा का पालन किया ।

ई) काका कालेलकर ने………………. के माध्यम से हिंदी की खूब सेवा की ।

उ) काका कालेलकर ……………… के सदस्य भी रह चुके हैं।

**7. संकेतों के आधार पर किसी एक कवि के बारे में पाँच वाक्य लिखिए । 5M**

**अ) श्री सुमित्रानंदन पंत :**

i) जन्म सन् 1900

ii) वीणा, ग्रंथि, पल्लव, गुंजन

iii) प्रकृति के बेजोड़ कवि

iv) "साहित्य अकादमी" "सोवियत रूस" पुरस्कार

v) निधन सन् 1977

**(या)**

**आ) बिहारी :**

i) जन्म 1595 में

ii) मृत्यु 1663 में

iii) गुरु नरहरिदास

iv) रचना - सतसई (सप्तशती)

v) गागर में सागर भरना

## भाग-II

**II. अभिव्यक्ति:-**

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए।** **4 x 4 = 16M**

8) अ) ऊँच-नीच का भेद मिटाने के लिए हम क्या-क्या कर सकते हैं ?

(या)

आ) कहि रहीम संपति.............................साँचे मीत।। दोहे की पूर्ति कीजिए।

9) अ) आल्हा लोकगीत के बारे में आप क्या जानते हैं ?

(या)

आ) भारतीय संविधान में हिंदी का क्या स्थान है ?

10) अ) गोदावरी नदी के टापूओं की क्या विशेषता है ?

(या)

आ) टेसी थॉमस विद्यार्थीयों को कौन-सा संदेश दिया ?

11) अ) अरुणा की ममता पर अपना विचार बताइए ?

(या)

आ) राजा कुमारवर्मा के राज्य में अकाल की स्थिति क्यों उत्पन्न हुई ?

## भाग-III

**III. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

12. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए। **1x8 = 8m**

अ) मेहनत ही सफलता की कुंजी है। 'कण-कण का अधिकारी' पाठ के आधार पर इसे स्पष्ट कीजिए।

**(या)**

आ) रैदास के पदों का भाव अपने शब्दों में लिखिए।

13. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए। **1x8 = 8m**

अ) ईदगाह कहानी के द्वारा हामिद के स्वभाव के बारे में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

**(या)**

आ) ए.पी.जे अब्दुल कलाम के विचार में आदर्श छात्र के लक्षण स्पष्ट कीजिए।

## भाग-IV

**IV. सृजनात्मकता:-**

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

14. किसी एक पत्र का उत्तर लिखिए। **1x8 = 8m**

अ) मौनिका विजयावाड़ा में रहती है। अपनी दादी से मिलने गुंटूर जाना चाहती है। तथ्य को आधार बनाकर प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए।

**(या)**

आ) हिंदी भाषा की आवश्यकता बताते हुए अपने भाई के नाम पत्र लिखिए।

**15. किसी एक निबंध का उत्तर दस वाक्यों में लिखिए। 1x10 = 10m**

अ) विद्यार्थी और अनुशासन
आ) पर्यावरण और प्रदूषण
इ) प्रिय त्यौहार
ई) कुत्रिम बुद्धिमता

## भाग-V

**V.भाषा की बात:-**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। 15 x 1=15M**

16. गरबा में नाच और गान साथ-साथ चलता हैं। (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| नृत्य | नाच्य | नाछय |

17. हिंदी एकता के सूत्र में बाँधती है। (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| एकता | बाँधती | हिंदी |

18. अठारह सौ छियासी – ( हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विक्लपों में से पहचान कर लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
| 1586 | 1766 | 1886 |

19) गरबा लोकगीत गुजरात में ...... गाया जाता है। (सही कारक चिह्न को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| को | में | से |

20) पकड़ वारि झूलता है मेरा मन। (रेखांकित शब्द का सही पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| पानी | अमृत | भूमि |

21. बच्चों में त्याग और सद्भाव के गुण निहित है। (रखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| हेय | स्वार्थ | सामंजस्य |

22. बगुलों के चरण चिहन् टापुओं पर निक्षिप्त हैं। (रखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | तत्पुरुप समास | द्विगु समास |

23. टेसी थॉमस निस्संदेह कलाम को अपना गुरु मानती है। (रखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| निः+ संदेह | निस + संदेह | निर + संदेह |

24. गाँधी जी सदैव अहिंसा मार्ग पर चले। (रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| अहि | आ | अ |

25. यह एक ऐतिहासिक घटना प्रधान एकांकी है। (रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| क | इक | सिक |

26. अमीना का दिल कचोट रहा है। (वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे को विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| दिल कचोटना | अमीना | रहा है |

27. गायक गीत गाता है। (इस वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।

| | | |
|---|---|---|
| गायकी गीत गाता है। | गायिका गीत गाती है। | गायिकी गीत गाते है। |

28.लड़का खेल रहा है। (इस वाक्य का वचन परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| लड़की खेल रहे हैं। | लड़कों खेल रहे हैं। | लडके खेल रहे हैं। |

29. लोग सुख-चैन से रह रहे थे। (इस वाक्य का वर्तमान काल रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| लोग सुख-चैन से रह रहेंगे। | लोग सुख-चैन से रहते हैं। | लोग सुख-चैन से रह रहे हैं। |

30. वह उसका काम करता है। (इस वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| . वह अपने काम करता है। | . वह अपना काम करता है। | . वह अपनी काम करता है। |